| | | |
|---|---|---|
| | **कार्यालय नगर निगम हैरिटेज जयपुर**<br>**(जलेबी चौक, पुराना पुलिस मुख्यालय भवन, जयपुर)** | 150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA |

आमेर के मावठा में हेरिटेज निगम ने चलाया विशेष सफाई अभियान

श्रमदान में जुटे हजारों हाथ तो दो घंटे में जगमग हो उठा मावठा

हेरिटेज नगर निगम के जागो जयपुर जगमग जयपुर अभियान के तहत आमेर के मावठा में आयोजित सफाई अभियान जुटे हजारों लोग, जयपुर को स्वच्छ बनाने की ली शपथ

जयपुर। नगर निगम हेरिटेज की ओर से आमेर के प्रसिद्ध मावठा सरोवर में शनिवार सुबह विशेष सफाई अभियान चलाया गया। हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा की अपील पर इस विशेष सफाई अभियान में श्रमदान करने के लिए बड़ी संख्या में शहरवासी उमड़ पड़े। सुबह सात बजे से दो घंटे तक चले इस अभियान में हर कोई मावठे को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दे रहा था। आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर हेरिटेज नगर निगम के सभी अधिकारी और कर्मचारियों ने भी स्वच्छता के लिए अपना श्रमदान किया। इस दौरान आमेर महल अधीक्षक राकेश छोलक ने भी अपनी टीम के साथ श्रमदान किया।

आमजन एतिहासिक पर्यटन स्थलों को भी रखें साफ

हेरिटेज आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया कि हमारे प्राकृतिक जल स्त्रोत साफ और संरक्षित रहे, इसी उद्देश्य को ध्यान रखते हुए हेरिटेज निगम ने आमेर के मावठे में ये विशेष सफाई अभियान चलाया। आमजन को चाहिए कि वे इन एतिहासिक धरोहरों की रक्षा करें, इन्हें स्वच्छ रखें। मावठा सरोवर में प्लास्टिक का उपयोग नहीं करें। ये सभी के लिए नुकसानदायक है। हमारे इस अभियान में शहरवासियों ने प्लॉगिंग एक्टिविटी यानि मॉर्निंग वॉक करते हुए श्रमदान कर आमजन को स्वच्छता का संदेश दिया। हेरिटेज निगम आगे भी अन्य प्राकृतिक जल स्त्रोत और एतिहासिक स्थलों पर साफ सफाई करेगा। उन्होंने बताया कि इस तरह से अभियान से लोगों के अंदर भी स्वच्छता के प्रति भावना जाग्रत होती है। हेरिटेज निगम वार्डों में भी ऐसी एक्टिविटी के जरिए आमजन को जागरूक करेगा। सफाई अभियान के बाद सभी लोगों को शहर को स्वच्छ रखने की शपथ भी दिलाई गई।

दो घंटे में आठ टन से अधिक कचरा किया इकट्ठा

अतिरिक्त आयुक्त ड़ा रौनक बैरागी ने बताया कि सफाई अभियान में आमेर स्थित मावठा की सफाई की गई। इस दौरान हेरिटेज निगम के ब्राण्ड एम्बेसेडर सिंगर रविन्द्र उपाध्याय और कनिका भी मौजूद रही। सिंगर रविन्द्र उपाध्याय ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। श्रमदान के लिए हेरिटेज निगम ने संसाधन उपलब्ध कराए, जिनमें आठ ट्रेक्टर ट्राली, 10 हूपर और दो जेसीबी से कचरा उठाया गया। सफाई अभियान में करीब दो हजार लोग मौजूद रहे। इस दौरान करीब आठ टन से अधिक कचरा मावठे से इकट्ठा किया गया।

इन संस्थाओं ने किया श्रमदान

सामाजिक संगठन और संस्थाओं में जयपुर व्यापार महासंघ, गोपाल जी का रास्ता व्यापार मण्डल, मनिहारों का रास्ता व्यापार मण्डल, जलमहल व्यापार मण्डल, आमेर व्यापार मण्डल, रामगढ रोड व्यापार मण्डल, सी फॉर एनजीओ, होटल फैडरेशन ऑफ राजस्थान, क्लब महिन्द्रा, सुबोध स्कूल, भूमि एनजीओ, ग्राम भारती समिति आमेर, नई उमंग एनजीओ, जलमहल के वेंडर्स, सुबोध कॉलेज एनएसएस टीम, कदम्ब कुण्ड एवं ताल कटोरा विकास समिति, महावीर इंटरनेशनल एनजीओ, जय भारत जन चेतना मंच, माधवी शिक्षा संस्था, जयपुर ग्राफर्स इंस्टाग्राम, वर्क संस्था, एजुकेशन और कर्मचारी ग्रुप आदि निजी संस्थाओं और स्कूल का सहयोग रहा।







EL FEDERATION
F RAJASTHAN


राष्ट्रीय सेवा योजना
NOT ME, BUT YOU
SS JAIN SUBODH


MADHVI SHIKSHA SAMITI
MOTHER TERESA
PUBLIC SECONDARY SCHO












नगर निगम जयपुर हैरिटेज
जल संरचनाओं में श्रमदान एवं सफाई
अभियान
जागो जयपुर जगमग जयपुर